18/05/2024

आकाशवाणी ईटानगर

प्रसारण समय - संध्या - 07:45 बजे

राज्यपाल लेफ्टीनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) के.टी. परनायक ने कहा है कि भारतीय सशस्त्र बल राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं और एकता तथा लचीलेपन के राष्ट्रीय प्रतीक के रूप में उभरे हैं। कल नई दिल्ली के मानिकशाह केंद्र में लेफ्टीनेंट जनरल पीएस भगत स्मारक व्याख्यान में हिस्सा लेते हुए उन्होंने विकसित भारत के दृष्टिकोण को याद किया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि सशस्त्र बलों का परिवर्तन बल संरचना, आधुनुकीकरण, प्रौद्योगिकी संचार और मानव संसाधन प्रबंधन पर निर्भर करता है। राज्यपाल ने कहा कि सशस्त्र बलों को विकसित राष्ट्र बनाने में सबसे बडा प्रेरक बनना चाहिए।

0000000000000000000000

राज्य में कूत्तों के काटने के बढते घटनाओं के मद्देनजर स्वास्थ्य सेवा निदेशक डॉ. रिकेन रिना ने नाहरलगुन में एक बैठक बुलाई। बैठक में स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग द्वारा स्थिति से निपटने की दिशा का आकलन किया गया। इस दौरान डॉ.रिना ने लोगों से किसी भी जानवरों के काटने या खरोंच को गंभीरता से लेने को कहा। उन्होंने कहा कि जख्म को तूरंत बहते पानी में साबून से पंद्रह मिनट या उससे ज्यादा वक्त तक धोना सबसे महत्वपूर्ण कदम है और इसके बाद समीप के स्वास्थ्य सुविधा केंद्र में मामले की रिपोर्ट कर वैक्सीनेशन को पूरा करने को कहा। श्री रिना ने सुझाव दिया कि आवारा कूत्तों के आबादी को रोकने के लिए उचित सफाई और कचरा जमा होने पर रोकथाम के लिए नियंत्रण आवश्यक है।

उन्होंने कहा कि समय पर PEP (post-exposure prophylaxis) के साथ Rabies 100% रोकथाम योग्य रोग है। डॉ. रिना ने लोगों से नही घबराते हुए सावधानी बरतने को कहा।

0000000000000000000

दूरदर्शन के महानिदेशक कनचन प्रसाद ने अरुणाचल प्रदेश से संबंधित विकास गतिविधियों के प्रचार के लिए दूरदर्शन को सम्मिलित करने को कहा। इस विषय पर उन्होंने राज्य सरकार खासकर जन संपर्क विभाग से सहयोग मांगा। जन संपर्क विभाग सचिव न्यालि एते के साथ कल हुए एक बैठक के दौरान उन्होंने यह बात कहीं। डी जी दूरदर्शन ने राज्य के समृद्ध सांस्कृतिक विरासत जिसमें विविध व्यंजन, लोककथाएं और पर्यटक आकर्षित जगहों को अरुणप्रभा चैनल के द्वारा दिखाए जाने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि इस कदम से दर्शकों की एक विस्तृत श्रंखला तक पहुंचने में मदद मिलेगी। इसके जवाब में जनसंपर्क सचिव ने दूरदर्शन टीम से डीडीके के जरिए विकासात्मक गतिविधियों को उजागर करने के लिए सहयोगात्मक प्रयास के लिए एक विस्तृत योजना और रणनीति अपनाएं जाने का आश्वासन दिया।

0000000000000000000

ईस्ट कामेंग़ जिले में पुरोइक समुदाय कि कल्याण और सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। इसके तहत जिला उपायुक्त सचिन राना ने कल अधिकारिक तौर पर एक Emergency help line number का शुभारंभ किया। पुरोइक समुदाय के प्रति बार-बार घटने वाली घटनाओं के मद्देनजर तत्काल और प्रभावी सहायता की आवश्यकता को पहचाना गया है। हेल्पलाइन नंबर है 7085-7213-17 यह हेल्पलाइन नंबर पुरोइक समुदाय के लिए महत्वपूर्ण जीवन रेखा की तरह काम करेगा।

संबद्ध समुदाय सदस्यों से संबंधित कोई भी चिंता को लेकर को भी व्यक्ति इस हेल्पलाइन नंबर पर कॉल या Whatsapp Message भेंज सकते है। यह पहल पुरोइक समुदाय को समय पर सहायता प्रदान करने का प्रशासन के चल रहे प्रयासों का हिस्सा है। यह Emergency help line number 24/7 काम करेगा।

0000000000000000000

सप्ताह भर चली सियांग बायोडावर्सिटी मिट की पहली संस्करण आज संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम के दौरान एक सौ चालीस तितलियों की प्रजातियां, चिड़ियों की सौ और पतंगो की तीन सौ प्रजातियां देखी गई। इस बायोडावर्सिटी मिट को गोबुक वेलफेयर सोसायटी ने अहपुम सिराम वेलफेयर सोसायटी के सहयोग और तितली ट्रस्ट डी एफ ओ मोउलिंग राष्ट्रींय उद्यान व वन्यजीव प्रभाग सहित अपर सियांग जिला प्रशासन के सहयोग से आयोजित किया गया था। तितलियों के दुर्लभ प्रजातियां जैसे Dark Freak, Brown Gorgon, Yellow Gorgon, Elusive Prince, False Tibetan Cupid, Green Dragontail और Mottled Argus देखी गई। वहीं दुर्लभ चिड़ियों की प्रजातियां जैसे Green Cochoa, Large Niltava, Black-chinned Yuhina, White-napped Yuhina आदि भी देखी गई। इस कार्यक्रम में देश के विभिन्न भागों से पच्चीस लोग जिसमें शोधकर्ताओं और प्रकृति संरक्षणवादी शामिल हुए।

0000000000000000000

अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मशहुर बॉडी बिल्डर पाकलु ताइपोदिया आगामी अगस्त महीने को नाहरलगुन स्थित कला एवं संस्कृति निदेशालय के सामुदायिक हॉल में क्लासिक नेशनल बॉडी बिल्डर और फिटनेस चैंपियनशिप की मेजबानी करेगी।

मुख्यमंत्री पेमा खाण्डू, उप मुख्यमंत्री और अन्य नेताओं के संरक्षण में पहली बार प्रदेश इस तरह की प्रतियोगिता की मेजबानी करेगा। विख्यात बॉडी बिल्डर पाकलु ताइपोदिया ने कहा कि arm wrestler में पाकजार ताइपोदिया ने सबसे पहले वेशिक स्तर पर अरुणाचल का परचम लहराया। उन्होंने आशा जताई कि यह कार्यक्रम राज्य की प्रसार प्रचार के लिए मंच प्रदान करने का काम करेगा।

0000000000000000000

मौसम विभाग ने अगले कुछ दिनों में देश के उत्तर-पश्चिम, मध्य और पूर्वी भाग में भीषण गर्मी की संभावना व्यक्त की है। विभाग ने कहा कि राजस्थान, पंजाब, हरियाणा और दिल्ली में मंगलवार तक भीषण गर्मी का प्रकोप जारी रहने का अनुमान है। देश के पूर्वी और मध्य हिस्सों में भी आज से यही स्थिति बनी रहेगी। पूर्वी भारत के अरुणाचल प्रदेश, सिक्किम, असम, नागालैंड, मणिपुर और मेघालय में भी सोमवार तक तेज वर्षा होने की सम्भावना है। देश के उत्तर-पश्चिम, मध्य और पूर्वी भाग में अगले तीन से चार दिन में अधिकतम तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस की बढोतरी हो सकती है।

0000000000000000000